RKL राजस्थान के लाडले
मासिक पत्रिका

श्रीमती अमला रुइया ने बदली सैकड़ों गांवों की तस्वीर

अब तक बना चुकी हैं 608 चेक डैम, जानी जाती है पानी माता के नाम से

बदलते परिवेश में महिलाएं आज हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। ऐसी ही हुनरबाज, कर्मठ व लगनशील, समाजसेवी महिला हैं श्रीमती अमला रुइया , जिन्हों ने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से चेक डैम बना कर राजस्थान के सैकड़ों गांवों की तस्वीर बदल दी। इस बदलाव से गांव वालों की लाइफ नये ट्रैक पर आ गयी है। आज सभी गांवों की कुल सालाना आय करीब २००० करोड़ रुपए से ज्यादा है। अमला रुइया का जन्म वर्ष १९४६ में एक संभ्रांत परिवार में हुआ था । उनके पिता श्री मदनमोहन तायलजी और माता श्रीमती प्रभा तायलजी ने उन्हें बचपन में ऐसे संस्कार दिए, जिससे वे आज लोगों की जिंदगी बदलने का काम कर रही हैं। उनके पति अशोक रुइया एक मशहूर उद्यमी रहे । १२वीं तक शिक्षा प्राप्त करने वाली अमला जी ने राजस्थान के १०० गांवों की किस्मत बदल कर रख दी है।

वर्ष १९९८ में श्रीमती अमला रुइया टीवी पर राजस्थान के गांवों में पड़े अकाल की भयावह तस्वीरें देखकर द्रवित हो गई, और वहां पहुंच गयीं । प्रयोग के तौर पर अपने चैरिटेबल ट्रस्ट 'आकार फाउंडेशन' की मदद से मंदवार गांव में पहला चेक डैम बनवाया। पानी मिलने से गांव के किसान एक साल में तीन-तीन फसलें उगाने लगे। घरों में पशुपालन का काम-धंधा भी शुरू कर दिया। उन्हों ने उसी गांव में एक और चेक डैम बनाया। किसानों की आय एक साल में करीब १२ करोड़ रुपए तक पहुंच गयी। उत्साहित होकर उन्हों ने प्रदेश के दूसरे गांवों में भी चेक डैम बनवाये। वे अब तक ७५० गांवों में 608 डैम बनवा चुकी हैं। अमला रुइया को गांवों के लोग 'पानी माता ' के नाम से भी बुलाने लगे हैं। उनकी टीम ने अन्य राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा , और छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़

बिहार, हरियाणा , हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल और उत्तर प्रदेश में भी चेक डैम बनाने का कार्य किया है । अमला रुइया की योजना अपने जीवनकाल में कम से कम ३००० चेकडैम बनाने की है।

'आकार चैरिटेबल ट्रस्ट' प्राकृतिक स्रोतों जैसे कि पानी , वनस्पति और मिट्टी के संरक्षण के साथ-साथ शिक्षा को बढ़ावा देने का भी कार्य करता है। नशा मुक्ति , बाल विवाह, दहेज प्रथा व मृत्यु भोज का विरोध उनकी संस्था करती है। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर किए जा रहे उपायों से वे संतुष्ट हैं। अमला रुइया जी ने नारद भक्ति सूत्र, पातंजलि योग दर्शन, अष्टावक्र गीता जैसी कई रचनाए की हैं। शक्तिशाली नारी शक्ति २०२० के सर्वे " नारायणी नमः " में फेम इंडिया मैगजीन और एशिया पोस्ट सर्वे द्वारा समाजिक स्थिति, प्रभाव, प्रतिष्ठा , छवि , उद्देश्य, समाज के लिए प्रयास, देश के आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था पर प्रभाव जैसे १० मानदंडों पर किए गए स्टेकहोल्ड सर्वे में देश की प्रमुख २० शक्ति शाली महिलाओं में अमला रुइया प्रमुख स्थान पर हैं।

श्रीमती अमला रुइया के ट्रस्ट ने पानी के साथ शिक्षा को भी गंभीरता से लिया है। उन्हों ने राजस्थान के रामगढ़ में प्री-प्राइमरी से लेकर हायर सेकंडरी तक मॉडल स्कूल स्थापित किये हैं। उन्होंने करीब ८०० टीचिंग ऐड्स भी विकसित किये हैं। उन्हों ने मुंबई में एक हर्बल गार्डन को एक खूबसूरत जगह में बदल दिया है, जहां स्कूली बच्चों को प्रकृति को करीब से जानने का मौका मिलता है। वर्ष २०११ में रुइया को सामुदायिक सेवा और सामाजिक उत्थान की श्रेणी में लक्ष्मीपत सिंघानिया , आईआईएम लखनऊ राष्ट्रीय नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष २०१६ में उन्हें वीमेन ऑफ वर्थ सोशल अवार्ड श्रेणी के लिए नामांकित किया गया था। २०१८ में उन्हों ने इंडिया आई इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑब्जर्वर अचीवमेंट अवार्ड भी २०१८ प्राप्त किया है। श्रीमती अमला रुइया का कहना है कि डैम में जमा पानी का इस्तेमाल खेती के लिए होता है। किसान अब एक साल में तीन फसलों की खेती करते हैं। रुइया का कहना है कि आने वाले समय में वे और उनकी टीम अन्य राज्यों में भी ऐसा ही काम करेगी । उनकी टीम छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में भी काम कर रही है। वे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के कई इलाकों में भी इस तरह का काम कर चुकी हैं। इसके साथ ही अमलाजी अन्य सामाजिक कार्यों में भी रुचि लेती हैं। इस प्रकार वे राजस्थान के साथ-साथ पूरे देश में सक्रिय हैं।





ગ્લોબલ કચ્છ અને કચ્છમિત્રનું સુખનું સરનામું અભિયાન

આકાર ચેરિ. ટ્રસ્ટ કચ્છમાં ૫૦થી વધુ જળમંદિર બનાવશે

ભુજ તા ૨૯ : કચ્છને હરિયાળું અને પાણીદાર બનાવવા માટે ચાલી રહેલા ગ્લોબલ કચ્છ અને કચ્છમિત્રના સુખના સરનામા અભિયાનને વેગવા બનાવવા માટે મુંબઈના આકાર ચેરીટેબલ ટ્રસ્ટ દ્વારા કચ્છમાં ૫૦થી વધુ જળમંદિરનું નિર્માણ કરવામાં આવશે. પાચ સ્થળે ચેકડેમના નિર્માણ સાથે જળમંદિરનું નિર્માણકાર્ય આરંભી પણ દેવામા આવ્યું છે. પાનીવાલી મા તરીકે જાણીતા આ ટ્રસ્ટના મોવડી અમલા રુઈયા ડિસેમ્બરમાં કચ્છની મુલાકાતે આવી રહયા છે. તેમની વિશેષ ઉપસ્થિતીમાં નવા કામોનો આરંભ કરવામાં આવશે.

ગ્લોબલ કચ્છના અગ્રણી ગોવિંદભાઈ ભાનુશાલીએ વિગતો આપતાં જણાવ્યું કે, મુંબઈના આકાર ચેરિટેબલ ટ્રસ્ટે જળમંદિરના નિર્માણના આદરેલા અભિયાન અંતર્ગત મંઉ,રાજપર, ખારૂઆ,ભારાપર(ભાદરા) અને ઉસ્તિયામાં ચેકડેમ બનાવી આ કામનો આરંભ પણ કરી દેવામાં આવ્યો છે. જળમંદિર બનાવવાનો

પાંચ સ્થળે કાર્ય આરંભી પણ દેવાયું: પાનીવાલી મા તરીકે ઓળખાતાં અમલા રુઈયા ડિસે.માં કચ્છ આવે છે

હેતુ મહત્તમ પ્રમાણમાં વરસાદી પાણીનો સંગ્રહ કરી જળસંચયના કાર્યોને અગ્રતા આપવાનો છે.

રાજસ્થાનના દુષ્કાળગ્રસ્ત વિસ્તારોને પાણીદાર બનાવી આ વિસ્તારમાંથી લોકોના હિજરતનો દોર અટકાવવામાં મહત્વની ભુમિકા ભજવી છે, એવા આકાર ચરિટેબલ ટ્રસ્ટના મોવડી અને જળસંચયના કાર્યો થકી પાનીવાલી માનું બિરુદ મેળવી ચુકેલા અમલા રુઈયા ૧૮ અને ૧૯ ડિસેમ્બરે કચ્છની મુલાકાતે આવશે અને જળમંદિરના હાથ ધરાનારા નવા કામોનો વિધિવત પ્રારંભ કરાવશે. એ પૂર્વે આકાર ચેરિ. ટ્રસ્ટના વિનોદ ગુર્જરે માંડવી તાલુકાની મુલાકાત લઈ હાથ ધરવા પાત્ર નવા કામો અંગે જરૂરી સમીક્ષા હાથ ધરી ભાવિ આયોજનોનો ક્યાશ કાઢશે. આ કામો માટે બ્રહમાકુમારી સંસ્થાનનો વિશેષ સહયોગ મળ્યો છે.

નોંધનિય છે કે, ગ્લોબલ કચ્છ અને કચ્છમિત્રના સુખના સરનામા અભિયાન તળે ચાલી રહેલી ઝુંબેશ ઝડપભેર આગળ ધપી રહી છે. વૃક્ષારોપણની સાથે જળસંચયના કામોને ગતિશીલ બનાવવા માટે આકાર ચેરિ. ટ્રસ્ટ સહિતની સંસ્થાઓનો સારો ગણી શકાય તેવો સહયોગ મળ્યો છે. આવા અભિયાનો થકી કચ્છને નંદનવન બનાવવાની ઝુંબેશને નોંધનીય રીતે ગતિ મળશે તેવો સબળ આશાવાદ જાગૃત થયો છે.